भारत सरकार/Government of India
वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग
Ministry of Finance, Department of Revenue
सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्त का कार्यालय
Office of the Commissioner of Customs (Preventive)
110 महत्मा गांधी रोड, पूर्वोत्तर क्षेत्र, शिलांग-793001, मेघालय
110 Mahatma Gandhi Road, NER,Shillong – 793001, Meghalaya
फोन/Phone: 0364-2222597/2225325/2229005. फैक्स/Fax: 0364-2223440/2229007.ई–मेल / E-mail: cusshg@gmail.com

सुविधा संख्या.01/2017

शिलांग 6 अप्रैल 2017

विषय: पशुधन सामग्री का आयात ।

सभी संबंधितों का ध्यान कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना एस. ओ 948 (ई) दिनांक 22.03.2017 की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत अगरतला भू-सीमा शुल्क चौकी से कतिपय पशुधन सामग्री को निर्धारित नियमानुसार आयात करने की अनुमति दी गई है|

अत: पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग के अधिसूचना संख्या एस ओ 2666(ई) दिनांक 16.10.2014 के (क्र. स. I से XII तक की सूची में दिए हुए) इस तरह के पशुधन सामग्री को आयात करने की अनुमति केवल पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग कृषि मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत करने पर ही दी जाएगी तथा इसकी निकासी संगरोध अपेक्षाओं को पूरा करने के अध्यधीन होगी।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस तरह के पशुधन सामग्री को आयात करने की अनुमति केवल अगरतला सीमा शुल्क चौकी से निर्धारित शर्तो को पूरा करने पर ही दी जाएगी। आयुक्तालय के किसी अन्य सीमा शुल्क चौकी से किसी भी तरह की पशुधन साम्रगी आयात करने की अनुमति नही है।

बन्दना देवरी

(बंदना देवरी)
आयुक्त

Scanned by CamScanner

C.No.VIII(29)02/CUS/2001/9653-67(A) दिनांक 07/04/2017

प्रतिलिपी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए

1- मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर, शिलांग जोन, शिलांग।

2- आयुक्त, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर शिलांग/ गुवाहाटी/डिब्रूगढ़।

3- उपायुक्त/सहायक आयुक्त सीमा शुल्क प्रभाग, अगरतला/आईजल/धुबरी/ गुवाहाटी/इम्फाल/करीमगंज/ शिलांग। आप सभी से अनुरोध है कि इस सुविधा की विषय वस्तु को अपने क्षेत्राधिकार के अधीन आयातक/ निर्यातक एसोसियेसन, सीमा शुल्क ब्रोकर एवं सभी संबंधितों को परिचालित करवाएं। इसे अपने क्षेत्राधिकार के अधीन आने वाले सभी सीमा शुल्क चौकी में परिचालित करवाकर अनुपालन सुनिश्चित करवाएँ।

4- अधीक्षक कंप्यूटर कक्ष, ,सीमाशुल्क मु.शिलांग को इसे आयुक्तालय के वेबसाइट अपलोड करने हेतु।

5- गार्ड फाईल

एस. चौधुरी

(एस. चौधरी)

अधीक्षक (तकनीकी)

Scanned by CamScanner